एक नजर में

## मेडिकल संचालकों दुकानें बंद रख दिया ज्ञापन



**घट्टिया।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आव्हान पर देश व्यापी मेडिकल बंद के समर्थन में घट्टिया, घोंसला, जगोटी, बिछड़ौद, नजरपुर सहित क्षेत्र के मेडिकल संचालकों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। साथ ही उज्जैन जिला केमिस्ट एसोसिएशन के घट्टिया तहसील प्रतिनिधि संतोष जैन के नेतृत्व में एसडीएम राजाराम करजरे को अपनी मांगों ऑनलाइन दवा बिक्री (ईफार्मेसी) बंद करने, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे डिस्काउंट बंद करने, डिस्काउंट के नाम पर नकली दवाईयों से देश को बचाने आदि मांगों को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने में प्रेम राठौर, अफ्फान नागौरी, अरशद मंसूरी, मिथुन बिश्वास सहित मेडिकल संचालक उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन अनुनय काबरा ने किया।

## कर्मचारी संघ और संयुक्त मोर्चा ने किया सम्मान




**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला एवं संभाग इकाई उज्जैन द्वारा रमेशचंद्र शर्मा, अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण समिति मप्र एवं ओम जैन, अध्यक्ष गृहनिर्माण एवं अधोसंरचना विकास मप्र के सम्मान में स्नेह एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस अवसर पर तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोकम सिंह पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री मनोहर गिरी एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारी संगठनों को आमंत्रित कर एकजुटता की मिसाल पेश की गई है। जिससे कर्मचारी जगत में प्रसन्नता का माहौल है। उन्होंने कहा कि रमेशचंद्र शर्मा एवं ओम जैन दोनों उज्जैन से जुड़े हुए हैं तथा पूर्व में स्वयं शासकीय कर्मचारी रह चुके हैं। इसलिए वे कर्मचारियों की समस्याओं और पीड़ाओं को भली–भांति समझते हैं। उनसे उम्मीद है कि उज्जैन के विकास एवं कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों को शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में मोकम सिंह पटेल, मनोहर गिरी, मोतीलाल निर्मल, विष्णु नारायण सक्सेना, कमलेश मीणा, हेमराज घावरी, मुकेश रायकवार, अरविंद जायसवाल सहित पेंशनर एसोसिएशन, ऑडिटर संगठन, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं अन्य कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## जैन सोशल ग्रुप स्वागत ने मनाया स्थापना दिवस

**इंदौर.** जैन सोश्यल ग्रुप स्वागत की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भंडारी रिसोर्ट मे सदस्यों ने हर्षोल्लास से मिलन समारोह मनाया. समारोह में सभी सदस्य दिल से मिले और नाच गाने के साथ दिल खोलकर अपने–अपने अनुभव साझा किये. यह जानकारी देते हुए ग्रुप के प्रचार सचिव योगेंद्र सांड ने बताया कि मिलन समारोह में फनी गेम्स भी खेले गए. सभी सदस्यों को सकोरे का वितरण कर संकल्प लिया कि वे भीषण गर्मी में मूक पशु – पक्षियों की निस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे. उन्हें दाना खिलाएंगे और पानी पिलाएंगे. कार्यक्रम में ग्रुप के अध्यक्ष श्रीपाल सकलेचा व सचिव विजय जैन के नेतृत्व में सदस्यों को सकोरे का वितरण किया. इस अवसर पर ग्रुप के ललित वोरा, मोहनलाल जैन, सुशील गोखरू, सुरेश छाजेड, विमल बापना, दिनेश धींग विशेष रूप से उपस्थित थे.

## विकारों से मुक्ति पाने धर्म का आश्रय जरूरी

**इंदौर.** भगवान ने हमें वाणी दी है लेकिन कई बार यह वाणी बेकाबू होकर बाण बन जाती है. अनेक ऐसे युद्ध और घटनाक्रम हैं जो वाणी के कारण ही विकराल बने. हमारे आचरण में जब तक धर्म का समावेश नहीं होगा, मन की वृत्तियाँ भी लक्ष्य से भटकती रहेंगी. आचरण में धर्म का प्रवेश शूचिता और पवित्रता के साथ ही संभव है. मलिनता और मन के विकारों से मुक्ति पाने के लिए धर्म का आश्रय जरुरी है. भगवान कहीं और नहीं हमारे अंतर्मन में ही विराजित हैं लेकिन उन्हें अनुभूत करने के लिए मथना जरुरी है. भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी ने सप्तऋषि भागवत मंडल के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मंगलवार की शाम को खजराना गणेश मंदिर स्थित सत्संग सभागृह में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में वामन अवतार प्रसंग की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. मंगलवार को कथा प्रसंग के दौरान वामन अवतार का उत्सव भी मनाया गया. भजनों पर भक्तों के नाचने–गाने और झूमने का सिलसिला पहले दिन से ही चल रहा है. मातृशक्ति द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां और मनोहारी भजनों पर समूह नृत्य भी आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं. कथा शुभारम्भ के पूर्व मनोरथी समूह की ओर से अशोक–आरती खंडेलवाल, हितेंद्र–वन्दना ग्रोवर, आशीष–खनक शर्मा, स्वप्न–स्वाति खंडेलवाल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी महेंद्र–दिव्या मानधन्या, रामचंद्र–उषा पितलिया एवं लक्ष्मण–चंद्रकांता कानूनगो ने की. 20 मई को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में पुरुष एवं महिलाएं पीताम्बर परिधान में सज–धजकर आएंगे.

## पानी बचाने और मूक परिंदों की सेवा का संकल्प



**इन्दौर.** अग्रसेन महासभा के सदस्यों ने बायपास स्थित होटल गोल्डन लीव्स कनवेंशन सेंटर पर पूल पार्टी का आयोजन किया. महासभा के सैकड़ों सदस्यों ने डीजे की मस्ती के बीच पानी में रहकर अनेक खेलों का रोमांचक प्रदर्शन भी किया और शहर के हित में संकल्प किया कि ग्रीष्मकाल में पानी की एक–एक बूँद को बचाकर मूक परिंदों की सेवा के लिए अपने–अपने आँगन और छतों पर दाना–पानी भी रखेंगे. महासभा के अध्यक्ष राजेश जिंदल एवं सचिव अनूप सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक गोपाल प्रेमचंद गोयल, प्रवीण मुरारका, शैलेन्द्र गुप्ता आयोजन एवं आशीष अग्रवाल टेंट के मार्गदर्शन में शाम 4 बजे से शुरू हुई यह दावत रात 10 बजे तक भरपूर आनंद के साथ सम्पन्न हुई. इस दौरान महासभा के सदस्यों ने होटल के तरण पुष्कर के पानी में तम्बोला, हास्य गोष्ठी सहित अनेक गेम्स भी खेले और शहर के हित में ग्रीष्मकाल के दौरान पानी की बचत करने और बेजुबान परिंदों के लिए अपने घर–आंगन में दाना–पानी रखने का संकल्प भी लिया. मुख्यरूप से वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचन्द गोयल, टीकमचंद गर्ग, मोहनलाल बंसल, विष्णु बिंदल, अरुण आष्टावाले एवं अन्य वरिष्ठजन भी परिवार सहित इस दावत में शामिल हुए. महासभा के ब्रजकिशोर गोयल, अजय आलूवाले, प्रमोद बिंदल, अशोक अग्रवाल, त्रिलोक अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंघल ने विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली और सभी सदस्यों की अगवानी की. संचालन राजेश जिंदल ने किया.

# ग्रीन फील्ड हाईवे मुआवजे में मुआवजे के लिए निजी भूमि में 900 की जगह 300 सूखे पेड़ मिले

- मुआवजे में पेड़ो की राशि को लेकर बंदरबांट की संभावना
- एसडीएम ने पत्र लिखकर राशि होल्ड करवाई



**खाचरौद।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट उज्जैन–जावरा ग्रीन फील्ड हाईवे में भूमि अधिग्रहण के दौरान पेड़ों का अधिक मुआवजे राशि प्राप्त करने में बंदरबांट का मामला सामने आया है। ज्यादा मुआवजा हड़पने के लिए खेत में 900 आम के पेड़ दिखाए गए। लेकिन एस डी एम को मौके पर जांच में सिर्फ 300 सूखे पेड़ मिले।

**ये है पूरा मामला**–ग्राम बंजारी के सर्वे नंबर 874, रकबा 0.674 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण में आई है। खसरे में जगदीश, दशरथ, धापूबाई, राधाबाई पिता मुन्नालाल का पृथक पृथक 1/4–1/4 हिस्सा दर्ज है। आवेदकों ने दावा किया कि उनकी जमीन पर 900 आम के पेड़ लगे हैं और प्रति पेड़ मुआवजा मांगा गया शासन नियमानुसार फलदार पेड़ का अलग से मुआवजा देता है।

**एसडीएम नेहा साहू के निरीक्षण में खुली पोल**–शिकायत मिलने पर एस डी एम साहू ने खुद मौका मुआयना किया। जांच में पाया गया कि 900 की जगह मौके पर करीब 300 पेड़ ही मिले वही पेड़ खसरे में दर्ज नहीं के साथ आवेदक ने बताया पेड़ 5 फीट ऊंचे हैं, पर सभी सूखे मिले। सिंचाई नहीं की जा रही थी आवेदक के अनुसार सभी पेड़ एक साल में लगाए ये आवेदक ने खुद कबूला उपरोक्त बात एस डी एम ने भू अर्जन अधिकारी को लिखे पत्र क्रमांक 930 रीडर 2 दिनांक 26 अप्रैल 2026 को लिखा जिसमे उल्लेखित किया गया कि आवेदक द्वारा अनावश्यक रूप से अधिक मुआवजा प्राप्त करने हेतु पेड़ लगाए गए हैं। सभी पेड़ संदिग्ध पाए गए जिससे शासन को हानि पहुंचाने हेतु पेड़ लगाए गए मुआवजा राशि होल्ड की जाए। इस पूरे प्रकरण में शासन को आर्थिक हानि पहुंचाने के प्रयास प्रथम दृष्टया किया गया ऐसा प्रतीत होता है।

उज्जैन–जावरा ग्रीन फील्ड हाई–वे में जमीन+मकान+पेड़+फसल का अलग–अलग मुआवजा मिलता है। आम, अमरूद जैसे फलदार पेड़ पर प्रति पेड़ के मान से राशि मिलती है। यहां यह महत्वपूर्ण है कि संबंधित पटवारी सहित अन्य एजेंसी ने किस प्रकार आम के पेड़ो या बगीचे का भौतिक सत्यापन किया यह जांच का विषय है।





## विधायक ने 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण–भूमिपूजन

**बड़नगर।** विधानसभा के ग्राम पंचायत सनावदा, ईटावा, खण्डोदा, सिमलावदा, उंटवास, उड़सिंगा में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में 1 करोड़ 32 लाख 24 हजार की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ।

विकास योजना अन्तर्गत सामुदायिक भवन, बाउण्ड्रीवाल, सीसी रोड़, सौंदर्यीकरण एवं नाली निमार्ण सहित अनेक विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करते हुए पण्ड्या ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ साथ विकास की गति को नई दिशा प्रदान करेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रो में बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं विकास कार्यो की गति देने क्षेत्र के विकास बेहतर आधारभूत सुविधाओं एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है। जनता का स्नेह एवं आशीर्वाद ही सेवा कार्यों की सबसे बड़ी प्रेरणा है।

विधानसभा क्षेत्र में प्रवास के दोरान ग्राम पंचायत रसूलाबाद में पूर्व सरपंच इन्दरसिंह डाबी, सरपंच दिलीप मकवाना, गोरधनलालजी बारोड, मोहनलालजी राठौड, भगवानसिंह सोलंकी, प्रेमलाल शर्मा व ग्रामीणजनो द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंहजी देवड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, मुकेश व्यास मंडल अध्यक्ष खरसोदखुर्द, विजयराजसिंह चिरोलाबना मंडल अध्यक्ष खरसोदकलां, रामप्रसाद पण्ड्या सदस्य जिला पंचायत, राधेष्याम परमार, राजाराम डाबी, शंभूलाल मालवीय जनपद सदस्य, टीकमसिंह जनपद सदस्य, गजेन्द्रसिंह राजावत, पन्नालाल शर्मा, मदनलाल शर्मा, सुरेश व्यास, दिनेशचन्द्र शर्मा , राकेश शर्मा संतोष शर्मा, सरपंच सीमाकुंवर मोहनसिंह, सरपंच जागृति–रामेश्वर बैरागी, सरपंच चन्दरबाई–दशरथ परमार, सरपंच शांतिलाल, सरपंच राजाराम जाट, नवलसिंह पण्ड्या, राजू मिश्रा, शंकरसिंह पंवार वरिष्ठ भाजपा नेता, सोहनलाल जाट, घनश्याम जाट, गजेन्द्र पटेल, एवं अधिकारी कर्मचारी समस्त पंचायतो के पंचगण, सचिव, सहायक सचिव व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी

**बड़नगर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत सुंदराबाद में पानी चौपाल का आयोजन कर कृषकों को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की विभागीय योजनाओ की जानकारी दी गई। जिसमें उद्यान विभाग की योजना फल पौधरोपण को बढ़ावा देना तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में गांव के कृषकों के साथ विस्तृत चर्चा कर विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी गई। अध्यक्षता सरपंच ज्योति पंड्या ने की। प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष घनश्याम सिंह पंड्या, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रविन्द्र गंधारे ने बताया कि फल क्षेत्र विस्तार योजना में फल पौधरोपण को बढ़ावा देना। जिससे फल उत्पादन कर प्रति इकाई क्षेत्र में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकें। प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना में ड्रिप, स्प्रिंकलर, पार्टेबल का प्रयोग कृषि सिंचाई में कर सिंचाई जल का समुचित प्रबंध कर सकते हैं। साथ ही उद्यान विभाग की पीएम एफएमई योजना की जानकारी दी गई। जिसमें कृषकों को लहसुन, प्याज, आलू, नमकीन, मसाला उद्यम आदि की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर उद्योग स्थापित कर सकते हैं। जिसमें कृषकों को 35 प्रतिशत अनुदान दिया जाता हैं। कृषक उद्यानिकी विभाग में पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कर विभाग की योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विस्तार अधिकारी पूजा जाजमे ने आयोजन का उद्देश्य प्रकट करते हुए विभिन्न जानकारियां दी। शानू पांडे ने उन्नत कृषि पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर सोहनसिंह पंवार, रितेश पंड्या, विष्णुलाल पांचाल, गौरव पंड्या, मुकेश जायसवाल, शांतिलाल मिस्त्री, वीरेंद्र सेन आदी उपस्थित रहे।






## रामघाट पर श्रमदान, स्वच्छता प्रहरियों को प्रतिदिन भोजन

- भगतसिंह सेवा समिति की पहल, सेवा कार्य के लिए शासकीय पुजारी पूजा त्रिवेदी का हुआ सम्मान

**उज्जैन।** शिप्रा तट स्थित रामघाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भगतसिंह सेवा समिति द्वारा विशेष श्रमदान किया जा रहा है। अभियान के तहत समिति द्वारा न केवल घाट पर श्रमदान किया जा रहा है, बल्कि यहां कार्यरत स्वच्छता प्रहरियों को प्रतिदिन भोजन प्रसादी भी वितरित की जा रही है।

समिति के सचिव पं. शुभम डब्बावाला ने बताया कि इस वर्ष भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रामघाट पर निरंतर श्रमदान जारी है। इस अभियान में समिति की सदस्या तथा 13/84 श्री कामेश्वर महादेव रामघाट की शासकीय पुजारी पूजा अम्रतेष त्रिवेदी के माध्यम से स्वच्छता प्रहरियों को नित्य भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

स्वच्छता कर्मियों की सेवा के इस पुनीत कार्य में विशेष योगदान देने पर भगतसिंह सेवा समिति द्वारा शासकीय पुजारी श्रीमती त्रिवेदी का अभिवादन कर उनका सम्मान किया गया।

## बहुजन मुक्ति पार्टी ने किया चूल्हा जलाओ आंदोलन

**उज्जैन। बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में लगातार धरना–प्रदर्शन किया जा रहे हैं। पार्टी द्वारा तीन चरणों में देश के 625 जिलों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आंदोलन के दूसरे चरण में कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर चूल्हा जलाओ आंदोलन आयोजित किया गया।**

आंदोलन के दौरान गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी तथा घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों का विरोध जताया।




संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लगातार गैस की कीमतों में वृद्धि होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि हर घर में प्रतिदिन गैस का उपयोग होता है और बढ़ती महंगाई का सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ा है। मुकेश मालवीय ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 1500 से 2000 रुपए तथा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 2500 से 3500 रुपए तक पहुंच गई है। वहीं पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने भी आम लोगों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है।

उन्होंने कहा कि चूल्हा जलाओ आंदोलन के माध्यम से सरकार को जगाने का प्रयास किया गया है, ताकि बढ़ती कीमतों को कम कर लोगों को राहत दी जा सके। अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय ने बताया कि ज्ञापन में घरेलू गैस सिलेंडर 400 रुपए तथा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 700 रुपए में उपलब्ध कराने, गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने, होटल–ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालकों को आर्थिक सहायता देने तथा पेट्रोल 90 रुपए और डीजल 80 रुपए प्रति लीटर करने की मांग की गई है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन के तीसरे चरण में 31 मई 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने फिर से महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा।

अंत में इस आंदोलन के साथ भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा द्वारा भी अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर ईश्वर मालवीय, हीरालाल ऐरवार, अशोक मालवीय, गब्बर खान, सीताबाई, अंजलि, अर्जुन केवड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर

सिंधी समाज ने दिवंगत संत साधराम जी को दी श्रद्धांजलि, भागवत कथा में गूंजे वामन अवतार और नृसिंह अवतार के प्रसंग

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए चीनी मोबाइल एप से रखें दूर : संत संतोष देव

**उज्जैन। पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत के तत्वावधान में संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन संत संतोष देव महाराज ने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए चीन निर्मित सभी प्रकार के मोबाइल ऐप्स को पूरी तरह बंद करने का आह्वान किया। इसी दौरान सकल सिंधी समाज द्वारा पाकिस्तान के सिंध प्रांत के दिवंगत संत साधराम के स्वर्गवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**




समिति के अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि कथा व्यास संत संतोष देव महाराज ने आधुनिक जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुए ईश्वर प्राप्ति का मार्ग भी बताया। संत जी ने कहा कि मनुष्य को सीमित मात्रा में भोजन करना चाहिए, नींद कम लेनी चाहिए और बाजार के चटपटे खाने से परहेज करना चाहिए। उन्होंने एकाग्रचित्त होकर आंखें बंद कर ईश्वर का चिंतन करने की सलाह दी।

**कथा में इन पौराणिक प्रसंगों का हुआ सजीव वर्णन**–कथा के दौरान संत जी ने भगवान विष्णु के वामन अवतार का प्रसंग सुनाया। जिसमें उन्होंने धर्मात्मा राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी थी। गया तीर्थ का वृत्तांत सुनाते हुए उन्होंने बताया कि नारायण के महान भक्त गयासुर के कारण गया में पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिलता है।

**इन्होंने किया स्वागत**

कथा में संत का स्वागत पुष्पा कोटवानी, महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, दीपक बेलानी, विनोद लुल्ला, रिंकू बेलानी, स्वाति गजरानी, रेशमा गंगवानी, वंदना सनमुखानी, भारती सनमुखानी और पूनम लुल्ला ने किया। संयोजन सोना रामचंदानी, नरेश मूलचंदानी, वीर कुमार मामनानी, घनश्याम दसवानी, मुकेश सेवारामणि और निशा रामचंदानी ने किया।